शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# रमेश धोका अध्यक्ष, अरुण लुणावत महामंत्री बने



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** दक्षिण भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर बाजारों में से एक एसपीरोड की बेंगलूरु इलेक्ट्रॉनिक डीलर्स एसोसिएशन के वार्षिक आम साधारण सभा में आगामी 2 वर्षों हेतु रमेश धोका को पुन: अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही महामंत्री का दायित्व अरुण लुणावत, जो कर्नाटक भाजपा अल्पसंख्यक के मीडिया सह संचालक है, को सौंपा गया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता ललित डाकलिया ने बताया कि इस हेतु दोनों चुनाव अधिकारियों कमल सिंह दुग्गड़ और जी पी सिंह ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उन्होंने कहा कि हमें बाजार में सभी को हिलमिल कर संगठन की प्रगति हेतु कार्य करना है। जिससे बाहर से आने वाले ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। अध्यक्ष पद की दावेदारी के लिए सभासदों ने रमेश धोका का नाम प्रस्तावित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में रमेश पालरेचा द्वारा मंगलाचरण किया गया। अध्यक्ष रमेश धोका ने पधारे हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया और पिछले कार्यकाल में सभी सदस्यों द्वारा प्राप्त सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। महामंत्री अरुण लुणावत ने पिछले दो वर्षों में हुए कार्यों का प्रतिवेदन सभा में प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष जयंतीलाल बोहरा ने पिछले कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और सभा ने ध्वनि मत से उसे पारित किया। टीम युवा शक्ति के जनसंपर्क अधिकारी ललित बड़ोला ने संस्था द्वारा मानव सेवा और जीव दया, चिकित्सा और साधर्मिक भक्ति के क्षेत्र में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष, महामंत्री के साथ उपाध्यक्ष विशाल वरंदानी, मदनलाल धोका, ललित डाकलिया, कोषाध्यक्ष जयंतीलाल बोहरा, सह कोषाध्यक्ष भरत कुमार जैन, संगठन मंत्री आलोक गंग, पूर्व अध्यक्ष महावीर पगारिया, सहमंत्री विजय आहुजा, नरपत राव, चुनाव अधिकारी कमल सिंह दुग्गड़ और जी पी सिंह का कार्यकारिणी की ओर से मोमेंटो द्वारा बहुमान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी के प्रति उपाध्यक्ष विशाल वरन्दानी ने धन्यवाद आभार ज्ञापित किया।

# निराश्रित कन्याओं में पुस्तक का वितरण



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** तेरापंथ युवक परिषद के त्री-आयामी सूत्र सेवा-संस्कार-संगठन के तहत शुक्रवार प्रातः मानव सेवा के अंतर्गत कन्या आश्रय, फ्री बेसिक गर्ल्स होम, श्रीरामपुरम में नवीन हिंगड़ के सहयोग से वहां प्रवासित निराश्रित कन्याओं को पुस्तक वितरण एवं नाश्ता कराया गया। परिषद परिवार द्वारा सामुहिक नमस्कार महामंत्र का उच्चारण किया गया। कन्या आश्रय की वार्डन रूपा ने बताया कि यहां पर अभी 95 बच्चियां प्रवासित है। कन्याओं ने नवीन के प्रति मंगलकामना संप्रेषित की गई। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंगड़ परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तेयुप से कमलेश चौरडिया, राजेश देरासरिया, जयंतीलाल गांधी एवं हरीश पोरवाड़ की उपस्थिति रही।

कैफे विस्फोट के आतंकवादी की गिरफ्तारी का मामला

# मुख्यमंत्री ने एनआईए और राज्य पुलिस की प्रशंसा की

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में एनआईए टीम और कर्नाटक पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है। शहर में अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि रामेश्वरम कैफे बम मामले के आरोपियों को कोलकाता से बेंगलूरु लाया जाएगा और फिर पूछताछ की जाएगी। उसके आधार पर आगे की जानकारी हासिल की जाएगी। उन्होंने राय जताई कि एनडीए को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा और बीजेपी के खिलाफ भारत गठबंधन को बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी की रणनीति 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर लोगों को गुमराह करने की है। मोदी के रविवार को मैसूरु आगमन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा मुझे मोदी के आने से कोई दिक्कत नहीं है। राज्य की जनता को बताना चाहिए कि उन्होंने कर्नाटक के साथ क्या किया है।

उन्होंने उनसे जवाब मांगा कि उन्होंने अब तक बेरोजगारी, कर वितरण और सूखे से राहत क्यों नहीं दी। उन्होंने मोदी के इस बयान पर कि बीजेपी संविधान के पक्ष में है, जवाब देते हुए पूछा कि अनंतकुमार हेगड़े के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने सवाल किया कि क्या उन्हें पार्टी से निकाला गया। वह पांच साल तक बिना किसी काम के उत्तरी कर्नाटक में घर पर बैठे रहे। उन्होंने कहा कि पिछले 3-4 महीने में जो खबरें आ रही थीं कि वह आएंगे और हारेंगे, उस आधार पर उन्होंने अनंत कुमार को टिकट नहीं दिया। बीजेपी कभी भी संविधान के पक्ष में नहीं है। जब संविधान प्रख्यापित किया गया तो सावरकर और गोलवलकर ने कहा कि भारत के संविधान को मंजूरी दे दी गई है।

# गणगौर उत्सव में शिव-पार्वती के विवाह की नृत्य प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए लोग



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मारवाड़ी सम्मेलन महिला परिधि (कर्नाटका) टीम द्वारा हाल ही में जयनगर स्थित अग्रसेन भवन में गणगौर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा की और 400 से अधिक लोगों ने उत्सव का आनंद लिया। गणगौर कार्यक्रम में शिव-पार्वती के विवाह की नृत्य प्रस्तुति ने उप-स्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस दौरान पधारे सभी लोगों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ राजस्थानी पकवान का भी आनंद लिया। गणगौर उत्सव कार्यक्रम में पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम की गरिमा बढाने के लिए कर्नाटक प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गणगौर कार्यक्रम में कर्नाटक प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष रमाकांत सरीफ, सचिव शिवकुमार टेकड़ीवाल, सह अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, महिला परिधि की अध्यक्षा माया अग्रवाल ने मिलकर दीप प्रज्वलन किया।

महिला परिधि की अध्यक्षा माया अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया और सलाहाकार मंजू अग्रवाल ने अतिथियों का विभिन्न कार्यक्रमों से मनोरंजन कराया। इस दौरान कोषाध्यक्ष हेमलता सांवरिया भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक पूजा अग्रवाल, लता चौधरी, पल्लवी पौदार ने किया। ऑनलाइन प्रतियोगिता की जिम्मेदारी संयोजक रीतू अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, जया चौधरी, नेहा अग्रवाल ने संभाली। पंजीकरण का कार्यभार निर्मला गोयल, सविता गुप्ता और हेमलता अग्रवाल ने संभाला। कार्यक्रम के अंत में सचिव शालिनी अग्रवाल ने सभी का आभार जताया। महिला परिधि की पूरी टीम के सहयोग से गणगौर उत्सव का आयोजन सफल रहा।

# कैंसर जांच कैंप का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित कैंसर जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर द्वारा स्थानीय तेरापंथ भवन में महिलाओं के लिए कैंसर जांच कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप का उद्घाटन नमस्कार महामंत्र से हुआ। तत्पश्चात अध्यक्ष मंजू गादिया ने सभी का स्वागत करते हुए योजना की जानकारी प्रदान की। कैंप में रामैया मेमोरियल हॉस्पिटल से आई हुई डॉक्टर और स्टाफ की टीम ने कैंसर संबंधी विभिन्न जांच की। साथ में मोबाइल बस लाए जिसमें सभी उपकरण थे। मंडल द्वारा डॉक्टरों की टीम का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया एवं आभार ज्ञापन मंत्री दीपिका गोखरू ने किया। कार्यक्रम में परामर्शिका चंचल बाई मांडोत, निवर्तमान अध्यक्ष प्रेम भंसाली, उपाध्याक्ष सुमित्रा बरडिया, कोषाध्यक्ष मंजू भंसाली, सह मंत्री ललित डागा, प्रचार प्रसार मंत्री सरिता छाजेड़, कार्यकारिणी बहने एवं कन्या मंडल से संयोजिका ध्वनि गन्ना भी उपस्थित थी। लगभग 60 बहनों ने अपनी जांच करवाई।

# बेंगलूरु कैफे विस्फोट मामला : हमलावर, मास्टरमाइंड को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बेंगलूरु विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश ने बेंगलूरु कैफे बम विस्फोट मामले में संदिग्ध हमलावर मुसाविर हुसैन शाजिब और मास्टरमाइंड अब्दुल मथीन ताहा को 10 दिन की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया है। एनआईए ने शनिवार को गिरफ्तार हमलावर मुसाविर हुसैन शाजिब और उसके साथी अब्दुल मथीन ताहा को बेंगलूरु के कोरमंगला इलाके में उनके आवास पर मजिस्ट्रेट अदालत के न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। एनआईए की ओर से वरिष्ठ वकील प्रसन्ना कुमार ने दलीलें दीं। एनआईए संदिग्ध आतंकियों को जांच के लिए अज्ञात स्थान पर ले गई थी। सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की गिरफ्तारी जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता थी। संदिग्ध आतंकवादियों का संबंध अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों से था और उन्होंने देश के भीतर बम तैयार किए और स्थानीय युवाओं की मदद से विस्फोट किए। सूत्रों ने कहा कि एनआईए ने भारत में आतंकवादियों का एक नेटवर्क खड़ा करने की वैश्विक आतंकी संगठन आईएसआईएस और अन्य की बड़ी योजनाओं को विफल कर दिया है, जो विदेशी देशों के व्यक्तियों के भारत में प्रवेश किए बिना और उनकी मदद किए बिना विघटनकारी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।

शक्तिशाली हमलों को अंजाम देने में विशेषज्ञता हासिल करने से पहले एजेंसियां शुरुआती चरणों में विदेश स्थित आतंकी संगठनों के निर्देशों के अनुसार मुसाविर, ताहा और जेल से संचालित गिरोह को ट्रैक करने में सक्षम थीं। मास्टरमाइंड ताहा, एक इंजीनियरिंग स्नातक, ने कम तीव्रता वाले इम्प्रोवा-इज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बम विकसित किए और अधिकतम मौतें करने का इरादा किया। 1 मार्च को, बैग में लगाए गए कम तीव्रता वाले बम ने बेंगलूरु के रामेश्वरम कैफे की छत और संरचना को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एनआईए सूत्रों ने बताया कि वे संदिग्ध आतंकवादियों और उनके स्थानीय नेटवर्क के पैसे के लेनदेन की गहराई से जांच करेंगे। एक महीने से अधिक समय तक पीछा करने के बाद, एनआईए ने शुक्रवार को हमलावर मुसाविर हुसैन शाजिब और उसके साथी अब्दुल मथीन ताहा को कोलकाता में एक ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया। सूत्र बताते हैं कि संदिग्ध आतंकी पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश भागने की फिराक में थे।

# जन्म कल्याणक महोत्सव के लिए शिवकुमार के लिए किया आमंत्रित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जैन युवा संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात कर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के लिए आमंत्रित किया। शिवकुमार ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए जैन समाज एवं संगठन द्वारा किए जा रहे मानव कल्याण कार्यों की सराहना के साथ ही जैन युवा संगठन के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा, मंत्री मदन मुनोत, अतिति आमंत्रण समिति चेयरमैन कुशल डूंगरवाल, सह-चेयरमैन मोनीश मुथा, आशीष तालेडा और सुनील लोढ़ा उपस्थित रहे।

# सीएम ने राजनेता वी श्रीनिवास प्रसाद से की मुलाकात

**कांग्रेस के प्रति सहानुभूति रखने का आग्रह**



**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को अनुभवी राजनेता, पूर्व मंत्री और सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद के मैसूरु के जयलक्ष्मीपुरम स्थित आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मुलाकात के दौरान सिद्धरामैया ने उनके साथ आधे घंटे से अधिक समय बिताया। बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, सीएम ने कहा वी श्रीनिवास प्रसाद और मैं बहुत लंबे समय से दोस्त हैं। जब मैं कांग्रेस में था तब वह भाजपा में चले गए थे। राजनीति से संन्यास लेने के बाद, मैं उनसे मिलने नहीं जा सका। इसलिए मैंने उनसे बात करने और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानने का अवसर लिया। हमने राजनीति पर चर्चा नहीं की, क्योंकि उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह किसी भी पार्टी का राजनीतिक समर्थन नहीं करेंगे। मैंने बस उन्हें याद दिलाया कि चूंकि वह एक समय कांग्रेस पार्टी के साथ थे, इसलिए कांग्रेस के प्रति सहानुभूति की भावना बनाए रखें। विधायक हरीश गौड़ा, गणेश प्रसाद, कृष्णमूर्ति और अन्य लोग सीएम के साथ थे। 2017 में राज्य में सिद्धरामैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान मंत्रिमंडल से हटाए जाने से निराश होकर श्रीनिवास प्रसाद ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने नंजनगुड विधानसभा क्षेत्र में उप-चुनाव लड़ा और हार गए। हालांकि, श्रीनिवास प्रसाद ने 2018 में नंजनगुड विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार और उनके दामाद बी.हर्षवर्धन के लिए जीत हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पिछले लोकसभा चुनाव में श्रीनिवास प्रसाद ने चामराजनगर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और आर ध्रुवनारायण पर मामूली जीत हासिल की, जिससे क्षेत्र में भाजपा के लिए एक मजबूत आधार स्थापित हुआ। छह बार के सांसद, दो बार के विधायक और पूर्व केंद्रीय और राज्य मंत्री श्रीनिवास प्रसाद ने 17 मार्च को मैसूरु में राजनीति में अपने 50 साल के करियर के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में आधिकारिक तौर पर राजनीति से संन्यास की घो-षणा की।

# देवेगौड़ा को अपनी भविष्यवाणियां जेडीएस के लिए रखनी चाहिए आरक्षित: शिवकुमार



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केपीसीसी अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने जद (एस) सुप्रीमो और पूर्व प्रधान मंत्री एच डी देवेगौड़ा को सलाह दी है कि वे अपनी भविष्यवाणियों को कांग्रेस सरकार के अस्तित्व के बजाय जद (एस) के अस्तित्व के लिए आरक्षित रखें। सदाशिवनगर स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के पास 136 से अधिक सीटें हैं। देवेगौड़ा के लिए कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की तुलना में जद (एस) के भविष्य की भविष्यवाणी करना बेहतर होगा। शिवकुमार देवेगौड़ा के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार की कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा मैंने भी देवेगौड़ा जितना ही भविष्य देखा है। उन्होंने राजनीतिक जीवन में 60 साल बिताए हैं जबकि मैंने 40 साल। हमारे पास विधानसभा में 136 से अधिक सीटें हैं और उन्हें हमारी सरकार के अस्तित्व की चिंता नहीं करनी चाहिए। बेहतर होगा कि वह जद(एस) के अस्तित्व के बारे में सोचें। कांग्रेस सरकार के पतन की भविष्यवाणी करने के बजाय, केपीसीसी प्रमुख ने देवेगौड़ा से लोगों को यह बताने के लिए कहा कि क्या जद (एस) एक अलग पार्टी बनी रहेगी या भाजपा के साथ विलय करेगी। संविधान परिवर्तन का मुद्दा उठाने वाले भाजपा नेताओं को निष्कासित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि डॉ. बीआर अंबेडकर के चाहने पर भी संविधान नहीं बदला जाएगा, उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री का सम्मान करता हूं। मुझे यकीन नहीं है कि वह अब इस विषय पर क्यों बात कर रहे हैं। उन्होंने उन पार्टी नेताओं को निष्कासित क्यों नहीं किया जिन्होंने भाजपा को 400 सीटें मिलने पर संविधान बदलने का मुद्दा उठाया था। यदि प्रधानमंत्री संविधान की अखंडता के प्रति इतने प्रतिबद्ध हैं, तो उन्हें पार्टी नेताओं को निष्कासित कर देना चाहिए। वह इस बारे में अब बात कर रहे हैं क्योंकि एससी, एसटी और समाज के दलित वर्गों ने संविधान को बदलने की भाजपा की योजना पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

# कांग्रेस का कदम देश की सुरक्षा के लिए खतरा: आर अशोक

### कांग्रेस की मानसिकता देश को बांटने वाले अंग्रेजों जैसी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि कांग्रेस का कदम देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। यहां भाजपा चुनाव मीडिया सेंटर में कांग्रेस सरकार के कुशासन के आरोप पत्र के विमोचन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की घटना ने बेंगलूरु को झकझोर कर रख दिया है। एनआईए जांच टीम ने कई लोगों को गिरफ्तार करने और भविष्य में होने वाली कई विस्फोट घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस गिरफ्तारी से डरे सहमे कर्नाटक के लोग अब राहत की सांस ले सकते हैं। कर्नाटक के लोगों की ओर से एनआईए टीम को बधाई। डीके शिवकुमार, जो दुर्घटना के समय उस स्थान पर गए थे, ने घटना को ठीक करने का प्रयास किया। अगर ये अल्पसंख्यकों के खिलाफ कुछ कहते हैं तो वोट बैंक खाली हो जाता है। इसलिए वे यह मानसिकता रखते हैं। घटना के बारे में और जांच को भटकाने का काम किया था। उन्होंने दावा किया था कि यह बिजनेस से जुड़ा हंगामा है। उन्होंने विश्लेषण किया कि पुलिस ने भी उसी निशान पर जांच की थी। बाद में उन्होंने साईं प्रसाद से जानकारी जुटाई। दिनेश गुंडूराव ने तुरंत बीजेपी पर जांच की मांग करने का आरोप लगाया था।

उन्होंने सवाल किया कि क्या मंत्री के रूप में उन्हें सामान्य ज्ञान की जरूरत नहीं है। मुख्य मोड़ जांच की मांग के कारण है। उन्होंने कहा कि उन्हें पुख्ता सबूत मिले हैं। कांग्रेस ने बार-बार ध्यान भटकाने वाला काम किया है। जब कुकर फटा तब भी उन्होंने समर्थन किया। एनआईए की जांच से इसके पीछे के लोगों का ब्योरा और साजिश की जानकारी मिल गई है। यहां के आरोपी अपनी प्रिय ममता बनर्जी के सुरक्षित स्थान पर पाए जाते हैं। आर. अशोक ने बताया कि आरोपी गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश नहीं गए थे। विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों को गिरफ्तार करने में एक सप्ताह लग गया। जब हम दो दिन तक सदन में लड़े तो मंत्री ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान के लिए नारे नहीं लगाये। प्रियांक खड़गे ने कहा था कि बीजेपी की आंखों में पीलिया हो गया है। अब बताओ पीली आंखें किसकी हैं? ये सब देखकर कर्नाटक की जनता चिंतित है। कांग्रेस पार्टी को देश की परवाह नहीं है।

#### खुद देश को बांटने की बात कही

कांग्रेस सांसद सुरेश ने खुद देश को बांटने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की तुलना हिटलर से की गई है। चुनाव के दौरान व्यक्तिगत आरोप लगाना अपराध है। इसलिए इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे। कांग्रेस के पास नरेंद्र मोदी को हिटलर कहने का क्या अधिकार है? अगर इस देश में कोई असली हिटलर है तो वह कांग्रेस पार्टी है। इस देश में आपातकाल लागू किया गया और पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। न्यायाधीशों को भी गिरफ्तार करने की कोशिश की गई और सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। कांग्रेस की मानसिकता देश को बांटने वाले अंग्रेजों जैसी है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि वह उस मानसिकता से बाहर नहीं आए हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर

## सिद्धरामैया पर घरेलू मैदान पर कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने का दबाव

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया पर अपने गृह क्षेत्र, मैसूरु-कोडागु लोकसभा क्षेत्र और पड़ोसी चामराजनगर संसदीय सीट पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने का दबाव है। दोनों सीटों पर कांग्रेस को बीजेपी के मजबूत विरोधियों का सामना करना पड़ रहा है। अनुभवी कांग्रेस नेता के धीरे-धीरे अपने सीएम कार्यकाल के अंत के करीब पहुंचने की चर्चा के बीच कोई जोखिम न लेते हुए, सिद्धरामैया दोनों सीटों पर पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने अपने करीबी सहयोगी एम. लक्ष्मण, जो मैसूरु-कोडागु क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, के लिए मैसूरु जिले में प्रचार करने के लिए चार दिनों तक डेरा डाला था। सीएम सिद्धरामैया ने शुक्रवार को पूरे दिन चामराजनगर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार किया। सामाजिक न्याय मंत्री एचसी महादेवप्पा के बेटे सुनील बोस कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। महादेवप्पा सीएम सिद्धरामैया के करीबी विश्वासपात्र हैं। चुनौतियों और परिणामों को अच्छी तरह से जानते हुए, मुख्यमंत्री के बेटे यतींद्र सिद्धरामैया दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में अथक परिश्रम कर रहे हैं।

भाजपा ने वोक्कालिगा नेता और मौजूदा भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा को टिकट देने से इनकार कर दिया था और शाही वंशज यदुवीर वाडियार को मैदान में उतारा था। मैसूरु शाही परिवार का पुरजोर विरोध करने वाले सीएम सिद्धरामैया अपनी पार्टी की प्रतिक्रिया के डर से यदुवीर वाडियार और मैसूरु राजाओं के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने पार्टी नेताओं को किसी भी तरह की टिप्पणी न करने की हिदायत भी दी है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, सिद्धरामैया मैसूरु-कोडागु सीट पर वोक्कालिगा और फॉरवर्ड समुदाय (सामान्य मामले) वोटों के ध्रुवीकरण को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। लगभग 15 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर वोक्कालिगा वोटों की संख्या 4 लाख से अधिक है, इसके बाद लिंगायत, दलित और ओबीसी वोट हैं। यहां 1.5 लाख मुस्लिम और 1 लाख ब्राह्मण वोटर हैं। वोक्कालिगा वोटों के ध्रुवीकरण के बाद सीएम सिद्धरामैया को 2018 के विधानसभा चुनाव में मैसूरु जिले की चामुंडेश्वरी विधानसभा सीट से अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा। सीएम सिद्धरामैया अब दलितों के 2 लाख से अधिक वोट, ओबीसी के 2 लाख वोट, कुरुबा के 1.3 लाख वोट, एसटी के 1 लाख वोट, 1.5 लाख मुस्लिम वोट और ईसाई सहित अन्य समुदायों के मतदाताओं को साधने की रणनीति बना रहे हैं। चामराजनगर लोकसभा सीट को कांग्रेस पार्टी का गढ़ माना जाता है क्योंकि यहां उत्पीड़ित वर्गों के मतदाताओं की संख्या अधिक है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के करीबी सहयोगी एस. बलराज को मैदान में उतारा है। सिद्धरामैया को सीट जीतने का भरोसा है क्योंकि यहां 4.60 लाख दलित वोट, 2 लाख अनुसूचित जनजाति और 1.60 लाख कुरुबा समुदाय के वोट हैं।

## निर्मलानंदनाथ ने गरीबी से जूझ रही एक प्रतिभाशाली छात्रा का किया मदद



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** आदिचुंचनगिरी पीठ के अध्यक्ष डॉ. निर्मलानंदनाथ ने गरीबी के कारण संकटग्रस्त स्थिति में रहने वाली एक प्रतिभाशाली छात्रा को प्रवेश देकर मानवता का परिचय दिया है। शहर के अशोक पीयू कॉलेज में दूसरी पीयूसी की पढ़ाई कर रही मेघश्री एम को प्रबंधन ने प्रवेश देने से इनकार कर दिया था क्योंकि उसके पास प्रवेश शुल्क का भुगतान करने के लिए पैसे नहीं थे। जैसे ही यह मामला ओक्कालिगा यूथ ब्रिगेड के संस्थापक अध्यक्ष नानजे गौड़ा नानजुंदा के ध्यान में आया, उन्होंने तुरंत श्री निर्मलानंद से मुलाकात की और कॉलेज को छात्रा की स्थिति के बारे में आश्वस्त किया। मेघश्री की माँ, जो गरीब है, एक आंगनवाड़ी में सहायिका के रूप में काम करती है और अपनी बेटी की दूसरी पीयूसी के लिए प्रवेश शुल्क का भुगतान करने में असमर्थ थी। बिना पिता के गरीबी में पली इस छात्रा ने पहले पीयूसी में 600 अंकों में से 598 अंक हासिल किए। उसने कन्नड़ में 99, अंग्रेजी में 100, भौतिकी में 100, रसायन विज्ञान में 100, गणित में 99, जीवविज्ञान में 100 अंक प्राप्त किये। हाल ही में, छात्रा ने आदिचुंचनगिरी पीठ के अध्यक्ष निर्मलानंदनाथ से मुलाकात की थी और उनसे द्वितिय पीयूसी में मदद करने का अनुरोध किया था। उन्होंने छात्रा की प्रतिभा की सराहना करते हुए उसे अपने बीजीएस संस्थान में आगे की पढ़ाई कराने का आश्वासन दिया।

## दूसरे चरण के चुनाव के तहत राज्य में पहले दिन 41 उम्मीदवारों ने 57 नामांकन किए दाखिल



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के दूसरे चरण के 14 लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार से नामांकन शुरू हो गया और पहले दिन 41 उम्मीदवारों ने 57 नामांकन पत्र जमा किए। दावणगेरे और शिवमोग्गा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक में 5 उम्मीदवार, उत्तर कन्नड़, बेल्लारी, कोप्पल और बीजापुर निर्वाचन क्षेत्रों में चार-चार उम्मीदवार हैं। चिक्कोडी, बागलकोट और गुलबर्गा निर्वाचन क्षेत्रों में तीन-तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि बीदर में दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बेलगावी, रायचूर, हावेरी और धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्रों से एक-एक उम्मीदवार ने अपनी उम्मीदवारी दाखिल की है। 41 उम्मीदवारों में से 37 पुरुष और चार महिलाओं ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गैर पार्टियों से 14, गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों से 20, बसपा से 2, आप से 1, कांग्रेस से 11, भाजपा से 9 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र जमा नहीं किए गए। राजनीतिक दलों एवं अन्य प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सोमवार से जमा किये जायेंगे। इस चरण में, 19 अप्रैल को नामांकन पत्र जमा करने का अंतिम दिन है। भाजपा उम्मीदवार राजुगौड़ा नाइक ने सुरपुर विधानसभा उपचुनाव में अपनी उम्मीदवारी दाखिल की है।

## कांग्रेस के राजनीतिक नशे की निरंकुश राजनीति का होना चाहिए अंत: ए नारायणस्वामी

### भाजपा उम्मीदवार को वोट देने का अनुरोध



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री ए नारायणस्वामी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन, उत्पीड़न और राजनीतिक नशे की निरंकुश राजनीति का अंत होना चाहिए। उन्होंने पार्टी उम्मीदवार सीएन मंजूनाथ की ओर से आयोजित एक बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा जयदेव हॉस्पिटल को दुनिया में पहचान दिलाने वाले डॉ. सीएन मंजूनाथ की सेवा कर्नाटक तक ही सीमित नहीं है। बल्कि तमिलनाडु, आंध्र और केरल सहित कई राज्यों को यह प्राप्त हुआ है। सी.एन.मंजूनाथ मजबूरी में राजनीति में आए। वह पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के दामाद और पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी के जीजा हैं। वह दमनकारी शासकों को उखाड़ फेंकने के लिए एनडीए-भाजपा के उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि यहां कई भाषाएं बोलने वाले लोग रहते हैं। हेब्बागोडी के मतदाताओं को देखना देश को देखने जैसा है। उन्होंने उनसे मोदी की 10 साल की उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए भाजपा उम्मीदवार को वोट देने का अनुरोध किया। कुछ दशक पहले हमारे तत्कालिन प्रधानमंत्री दूसरे देशों में भीख मांगने गए थे? वे ऐसे लग रहे थे जैसे वे ऋण लेने आये हों। हालाँकि, उन्होंने विश्लेषण किया कि यह विश्व नेता मोदी ही थे जिन्होंने केवल 10 वर्षों में भारत को एक सक्षम देश बना दिया। 55 साल तक कांग्रेस का गरीबी हटाओ सिर्फ नारा बनकर रह गया।

उन्होंने कहा, मोदी का विजन, हमारे भारत को 10 साल में दुनिया के अग्रणी देश में ले जाने का संकल्प है, मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाना चाहिए। सीएन मंजूनाथ ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ये वो चुनाव है जो देश के भविष्य को आकार देगा, देश का इतिहास लिखेगा और देश की सुरक्षा के लिए रूपरेखा देगा। एनडीए गठबंधन को 400 लोकसभा सदस्य चुनने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि मतदाता इस बात का ध्यान रखेंगे कि मैं 400 की सूची में हूं। यह एक धर्मयुद्ध है। चुनाव बिना पटरी से उतरे, बिना दबाव के और बिना भयानक माहौल बनाये संपन्न होने चाहिए। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की अंतरात्मा को वोट देने का अवसर है। अंतरात्मा की आवाज पर वोट करें। नंबर वन चुनाव चिन्ह कमल को वोट दें। उन्होंने जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि सिंबल में भी मैं पहले स्थान पर हूं। प्रधानमंत्री खुद कह चुके हैं कि कोई संवैधानिक संशोधन नहीं है। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने यही ब्रह्मास्त्र चलाया है। एक दिन के ऑफर के लिए वोट न करें। उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन के लिए वोट करने का अनुरोध किया। एमएलसी गोपीनाथ रेड्डी ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। आइए पिछले 10 साल के बदलाव के अगले हिस्से के रूप में मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाएं। जनता के कार्यक्रमों ने आम आदमी को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं।

### वैसा ही किया जैसा कहा

गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को चावल दिया जा रहा है। 4 करोड़ घर बनाए गए हैं। 12 करोड़ शौचालय बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी दुनिया में सबसे सम्मानित व्यक्ति बनकर उभरे हैं। उन्होंने कई दशकों के बाद केंद्र में स्थिर सरकार दी है। उन्होंने वैसा ही किया जैसा उन्होंने कहा था। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार मुक्त सरकार भाजपा की है। भाजपा के जन-समर्थक प्रशासन को ध्यान में रखते हुए, मंजूनाथ ने उनसे उन्हें वोट देने और जीताने की अपील की। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अशोक गौड़ा, भाजपा दक्षिण जिला उपाध्यक्ष राजन्ना, नेता हुल्लाल्ली श्रीनिवास, लक्ष्मीकांत रेड्डी, जेडीएस नेता गोटीगेरे मंजू, राजशेखर रेड्डी, मुनिराजू गौड़ा, रंगनाथ समेत प्रमुख लोग मौजूद थे।

## बाघ के हमले में व्यक्ति घायल



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** चामराजनगर जिले के एक गांव में कथित तौर पर बाघ के हमले में 22 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया।

वन विभाग ने शनिवार को कहा कि घायल व्यक्ति मन्नू की गर्दन और हाथ पर चोटें आईं। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। फिलहाल मैसूरु के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, घटना शुक्रवार शाम करीब 6.30 बजे होनकनहल्ली गांव में हुई। लगभग दो साल के बाघ ने मन्नू पर तब हमला किया जब लोगों का एक समूह उस जानवर के पास आया जिसने एक खेत में शरण ले रखी थी। एक वरिष्ठ वनपाल ने कहा लोगों ने बाघ को भगाने की कोशिश की और उसने मन्नू पर छलांग लगा दी और उसकी गर्दन और हाथों पर हमला कर दिया। बाद में, वह वन क्षेत्र में भाग गया। उन्होंने कहा मन्नू अपनी गर्दन और हाथों पर चोट लगने के कारण बच गया। वह अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है और उसका इलाज चल रहा है।

मोदी ने 10 साल तक झूठ के अलावा कुछ नहीं किया

# अब वह वोट के लिए मैसूरु कैसे आ सकते हैं: सीएम सिद्धरामैया





#### मोदी शासन के पास दिखाने के लिए कुछ भी नहीं

**उन्होंने** चेतावनी दी कि अगर भाजपा को विश्वास है कि वह संवेदनशील धार्मिक और सांप्रदायिक मुद्दों को उठाकर वोट हासिल कर सकती है तो उसे निराशा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार 20 सूत्रीय कार्यक्रम लेकर आई थी। उन्होंने पूछा, क्या मोदी ने 10 साल तक झूठ और झूठ बोलते रहने के अलावा एक भी सूत्री कार्यक्रम दिया है? उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस सरकारें ही थीं जिन्होंने औद्योगीकरण, उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना, अंतरिक्ष कार्यक्रमों और गरीबी-विरोधी कार्यक्रमों को लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया, जबकि मोदी शासन के पास दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है।

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि वह 10 साल तक झूठ बोलते रहे और लोगों के लिए कुछ नहीं किया।

उन्होंने आश्चर्य जताया कि मोदी वोट मांगने के लिए मैसूरु कैसे आ रहे हैं। मोदी जानते हैं कि अगर वह झूठ बोलते हैं, तब भी लोग मोदी, मोदी चिल्लाते हैं इसलिए उन्होंने अपना झूठ बढ़ा दिया है। सीएम ने शनिवार को मैसूरु-कोडागु और चामराजनगर निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के लिए कांग्रेस रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। सिद्धरामैया ने मोदी और भाजपा के झूठ और झूठे वादों की श्रृंखला को दोहराया, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने, विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने, किसानों की आय दोगुनी करने, पेट्रोल, डीजल की कीमतें कम करने के भव्य वादे शामिल थे।

इसके अलावा सालाना 2 करोड़ नौकरियां पैदा करना और डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में वृद्धि सुनिश्चित करना भी उसी का हिस्सा था। उन्होंने कहा मोदी का कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ और उन्होंने लोगों को मूर्ख बनाया। वह अब बेशर्मी से मोदी की गारंटी बेच रहे हैं। सिद्धरामैया ने मतदाताओं से पूछा, आप मोदी को वोट कैसे दे सकते हैं, भले ही वह आपको मूर्ख बना रहे हों और अपने सभी वादे भूल रहे हों? क्या आप और भी अधिक मूर्ख बनना चाहते हो? मुख्यमंत्री ने मैसूरु में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को सूचीबद्ध किया और बताया कि न तो मोदी शासन और न ही भाजपा शासन ने कुछ किया और अपने चुनावी वादों को पूरी तरह से भूल गए, जबकि यह कांग्रेस पार्टी है जिसने अपने वादों को गारंटी पर लागू किया और अपने वादों को पूरा किया। सिद्धरामैया ने भाजपा को झूठ की फैक्ट्री बताते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने अपने दो बार के सांसद को बदल दिया है और निर्वाचन क्षेत्र के विकास की अनदेखी करने के बाद पूर्ववर्ती मैसूरु शाही परिवार के वंशज के लिए वोट मांग रही है। कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मण एक साधारण व्यक्ति हैं, जो जनता के साथ और उनके लिए काम करते रहे हैं। उन्होंने भाजपा से गरीबों, मजदूर वर्ग और महिलाओं की मदद के लिए एक भी कार्यक्रम बताने को कहा।

सलाह

# इन घरेलू उपायों से करें जिंजीवाइटिस का उपचार



जिंजीवाइटिस मसूड़ों की बीमारी का एक प्रकार है। इसके परिणामस्वरूप मसूड़ों में सूजन, कोमतला और लालिमा आ जाती है। जब प्लेक (चिपचिपा पदार्थ जिसका मुंह में कीटाणु की उपस्थिति के कारण लगातार गठन होता है और लार, खाद्य कणों और दांतों की सतह पर अन्य प्राकृतिक पदार्थ के साथ जमा हो जाता है।) रोजाना ब्रशिंग और फ्लसिंग द्वारा दूर नहीं होता है। तब जिन्जिवाइटिस की समस्या होती है।

जिंजीवाइटिस अक्सर दंत स्वच्छता का ध्यान रखने के कारण होता है। जिंजीवाइटिस का इलाज नही किया जाए तो यह प्रोडोन्टिटिस नामक बीमारी को बढा सकता है और दांत और जबड़े के स्थायी नुकसान का कारण बन सकता है। लेकिन बहुत सारे घरेलू उपाय इस समस्या के लक्षणों से राहत प्रदान करने में आपकी मदद कर सकते है।

**एलोवेरा:** एलोवेरा मसूड़ों की सूजन को कम करने में सहायक होता है। यह सूजन को कम करने के साथ-साथ, बैक्टीरिया को नष्ट करने और जल्दी उपचार में मदद करता है। जिंजीवाइटिस की समस्या से बचने के लिए एलोवेरा जैल को मसूड़ों पर लगाकर थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। फिर पानी से कुल्ला कर लें। इस उपचार को तब तक दोहराये जब तक समस्या ठीक न हो जाये।

**बेकिंग सोडा:** बेकिंग सोडा जिंजीवाइटिस के लिए एक लोकप्रिय घरेलू उपाय है। बेकिंग सोडा में थोड़ा सा पानी मिलाकर, इसे अपनी उंगली से मसूड़ों पर लगाये। इस उपाय से बैक्टीरिया से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी।

**पुदीने के पत्ते:** गले में ठंडक का एहसास दिलाने वाला पुदीना एक ऐसा हर्बल है, जिसका सेवन हर मौसम में किया जाता है। पुदीना बहुत ही स्वादिष्ट और रिफ्रेशिंग होता है। यह खाने में स्वाद बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। जिंजीवाइटिस की समस्या होने पर कुछ पुदीने की पत्तियों को आधे घंटे के लिए पानी में भिगो कर, फिर इस मिश्रण से कुल्ला करें। जिंजीवाइटिस की समस्या के साथ सांसों में बदबू का इलाज करने में भी मदद करता है।

**लौंग:** लौंग मसूड़ों की सूजन के लिए सबसे बढ़िया घरेलू उपचारों में से एक है। समस्या होने पर एक लौंग लेकर उसे मसूड़ों पर धीरे-धीरे रगड़ें। इसके अलावा आप लौंग की जोड़ी को मसूड़ों के पास रखकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। लौंग का तेल भी मसूड़ों की सूजन के उपचार में लाभदायक होता है।


**क्रेनबेरी:** जिन्जीवाइटिस मसूड़ों में टॉर्टर, प्लाक के कारण होते हैं। इससे मसूडे दुखदायी, लाल और फूल जाते हैं। जिन्जीवाइटिस की समस्या से बचने के लिए आप एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर क्रेनबेरीका प्रयोग कर सकते हैं। मसूडे की सूजन को दूर करने के लिए आप प्राकृतिक उपचार क्रेनबेरी जूस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह बैक्टीरिया के प्रसार को सीमित करने में आपकी मदद करता है। लेकिन ध्यान रहें क्रेनबेरी के जूस को बिना चीनी के ही पीये।

**नींबू:** विटामिन-सी से भरपूर नीबू स्फूर्तिदायक और रोग निवारक फल है। नींबू का रस बैक्टीरिया को मारने और सूजन को कम करने में मदद करता है। समस्या होने पर एक गिलास गुनगुने पानी में एक नींबू निचोड़कर, दांतों में ब्रश करने के बाद इसे माउथवॉश के रूप में उपयोग करना चाहिए।

**तेजपात** : तेजपात में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते है। समस्या होने पर एक बड़ी चम्मच तेजपात को पानी में मिलाकर कुछ मिनट के लिए उबालें। इसके बाद इसमें नमक की एक चुटकी मिलाकर इस मिश्रण को बोतल में डाल लें। इस बोतल को बाद में उपयोग के लिए आप फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं। यह ब्रशिंग के बाद संक्रमित और मसूड़ों में जलन को शांत करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

## आंखों के लिए योगा-सर्वांगासन

सर्वांगासन व्यायाम करने के लिए एक सहज पोजीशन में बैठ जाए, जिससे आपका दिमाग और शरीर रिलैक्स महसूस कर सके। टांगो को सीधा रखते हुए मेट पर लेट जाए और रिलैक्स करें। इसके बाद अपनी दोनों टांगों को ऊपर की तरफ नब्बे डिग्री तक ले जाए और फिर टांगो को स्ट्रेच करते हुए जितना हो सके हिप्स के सहारे ऊपर तक ले जाए। आँखें बंद कर ले और घुटनो को मोड़ते हुए नीचे लाये और थोड़ी देर आराम करें।



## दाग धब्बे हटाने का हर्बल उपाय

चेहरे के दाग धब्बे मिटाने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट करवाते हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए मंहगे ट्रीटमेंट की बजाए आप घर पर ही सस्ता और असरदार उपाय अपना कर इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। चेहरे के दाग धब्बे मिटाने का आसान उपाय: पुदीने के पत्ते, बनाने की विधि, पुदीने के पत्तों को पीस कर पेस्ट तैयार कर लें। ,इसके बाद इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं। ,

**ध्यान में रखें यह बात** ,किसी भी तरह का उपाय करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



# फिश टैंक महत्व और उसकी सही दिशा



आज हम घर में फिश टैंक के महत्व और उसके रखने की सही दिशा के बारे में बता रहें हैं।

### घर में फिश टैंक की दिशा

घर के दक्षिण-पूर्व भाग को सबसे शुभ माना जाता है ,उसे निरंतर साफ करते रहें अन्यथा गन्दा फिश टैंक आपको नुकसान पहुंचा सकता है।

### ऑफिस में फिश टैंक की दिशा

» ऑफिस के उत्तर, उत्तर-पूर्व एवं पूर्व दिशा में फिश टैंक को रखने से आपके व्यवसाय में वृद्धि होती है। यदि आप ऑफिस में फिश टैंक रखना चाहते हैं तो गोल एक्वेरियम का उपयोग करें।

» व्यापार में आर्थिक परेशानियों को दूर करने अरोवना फिश एवं प्रसिद्धि पाने के लिए गोल्ड फिश को रखना फायदेमंद होता है।

### इन जगहों पर न रखें फिश टैंक

फिश टैंक वैसे तो खुशहाली को बढ़ाता है लेकिन सही स्थिति की जानकारी न हो और इसे गलत दिशा और स्थान पर रखा जाए तो यह विपरीत असर भी डालती है.इसे घर के बेडरूम, किचन या बाथरूम में नहीं रखना चाहिए अन्यथा घर में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और हानि हो सकती है।


### फिश टैंक महत्व

» यह स्ट्रेस और विचलित मन को शांत बनाने में भी फिश टैंक कारगर होता है।

» मछलियों में से अगर कुछ मछलियाँ मर जाती हैं तो आपके घर में आने वाली विपत्तियाँ उसके साथ ही खत्म हो जाती मछलियों की मृत्यु हो जाती है उतनी ही मछलियाँ फिर से लाकर टैंक में डाल देना चाहिए।

सलाह

# खाली पेट लहसुन खाना है फायदेमंद



लहसुन एक जड़ी बूटी है। भोजन को स्वादिष्ट बनाने वाले मसाले के रूप में इसका इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन यह वास्तव में कई प्रकार की बीमारियों को रोकने और इलाज में काफी कारगर होता है। इसकी गंध बहुत ही तेज और स्वाद तीखा होता है। लहसुन में एलियम नामक एंटीबायोटिक होता है जो बहुत से रोगों के बचाव में लाभप्रद है। नियमित लहसुन खाने से ब्लडप्रेशर कम या ज्यादा होने की बीमारी नहीं होती। एसिडिटी की समस्या में इसका प्रयोग बहुत ही लाभदायक होता है। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि खाली पेट लहसुन का सेवन करने से इसकी शक्ति और भी बढ़ जाती है और यह बेहद मजबूत प्राकृतिक एंटीबायोटिक बन जाता है।

### खाली पेट लहसुन खाने के फायदे

कई लोगों ने पाया कि लहसुन उच्च रक्तचाप के लक्षणों से वास्तव में आराम पहुंचाता है। यह न केवल रक्त परिसंचरण को नियंत्रित करता है बल्कि विभिन्न प्रकार की हृदय संबंधी समस्याओं से भी बचाता है और इसके आपके लीवर और ब्लैडर के सभी कार्य भी ठीक से होते हैं।

लहसुन पेट की समस्याओं जैसे डायरिया के इलाज के लिए कारगर होता है। साथ ही यह तंत्रिका की समस्याओं के लिए भी अद्भुत उपाय है, लेकिन तब जब लहसुन का सेवन खाली पेट किया जाये। लहसुन पेट की समस्याओं के उपचार में वास्तव में बहुत प्रभावी है - यह अच्छे पाचन और भूख को बढ़ाने में मदद करता है। लहसुन के सेवन से पेट के तनाव को नियंत्रित करने में मदद मिलती है और इस तरह से घबराहट के कारण शरीर में बार-बार पैदा होने वाले एसिड का उत्पादन बंद हो जाता है। लहसुन दुनिया के हर हिस्से में अपने स्वास्थ्य लाभ के लिए लोकप्रिय है। इसी मुख्य कारण से वर्षों से लोग इसे एक औषधि के रूप में जानते हैं।

### लहसुन और वैकल्पिक चिकित्सा

लहसुन डिटॉक्सीफिकेशन गुणों के कारण वैकल्पिक चिकित्सा में सबसे कुशल खाद्य पदार्थों में से एक माना जाता है। लहसुन इ तना शक्तिशाली होता है कि यह परजीवी और कीड़े से शरीर को साफ करता है और मधुमेह, अवसाद, और यहां तक कि कुछ प्रकार के कैंसर जैसी बीमारियों से भी बचाता है। लेकिन अगर आपको एलर्जी की समस्या है तो दो महत्वपूर्ण चीजों का ध्यान रखना होगा, एक तो इसका सेवन कच्चा न करें, दूसरा किसी भी प्रकार की त्वचा संबंधी समस्या, शरीर का उच्च तापमान और सिर दर्द होने पर इसका सेवन बंद कर दें। कुछ अध्ययनों के अनुसार एचआईवी/एड्स के लिए दवा लेने वाले रोगियों के लिए लहसुन का सेवन कभी-कभी खतरनाक भी हो सकता है। इसलिए इस विशेष स्वास्थ्य समस्याओं के होने पर आपको बहुत सावधान रहना चाहिए।

### लहसुन के अन्य स्वास्थ्य लाभ

लहसुन श्वसन तंत्र के लिए अच्छा होता है- यह टीबी, दमा, निमोनिया, सर्दी, ब्रोंकाइटिस, पुरानी ब्रोन्कियल सर्दी, फेफड़ों में संक्रे मण और खांसी की रोकथाम और इलाज के लिए अच्छा होता है। ट्यूबरक्लोसिस की समस्या होने पर सुबह खाली पेट लहसुन खाना बहुत फायदेमंद होता है। दांत के दर्द में लहसुन का सेवन फायदेमंद होता है। यदि कीड़ा लगने से दांत में दर्द हो तो आप लहसुन के टुकड़ों को गर्म करें और उन टुकड़ों को दर्द वाले दांत पर रखकर कुछ देर तक दबाएं। ऐसा करने से दांत का दर्द ठीक हो जाता है। फ्लू यानी इन्फलुएन्जा में सुबह उठकर गर्म पानी के साथ लहसुन और प्याज का रस पीने से फ्लू से निजात मिलता है। ये एक एंटीबायोटिक तरह है।

# एक मां ही समझ सकती है मातृत्व की ये बातें



मदरहुड यानी मातृत्व अपने साथ ढेर सारी खुशियां और परिवर्तन के साथ ही कुछ ऐसे बदलाव भी लेकर आता है जो शायद आपको पसंद न हो। इस तरह के अप्रिय बदलावों के बारे में कोई भी पैरेंटल गाइड आपको जानकारियां नहीं देता। मातृत्व के बारे में इन बातों को सिर्फ आप मां बनने के बाद ही समझ सकती हैं-

### एक नियम सबके लिए नहीं

जब आप पहली बार अपने बच्चे को गोद में लेती हैं तो तो उस वक्त किसी भी तरह की ट्रेनिंग या एक्सपर्ट अडवाइस काम नहीं आती। हर बच्चा अपने आप में यूनीक होता है। हर बच्चे की जरूरतें अलग-अलग होती हैं और जैसे-जैसे आपका बच्चा बढ़ा होता जाता है आप अपनी पैरेंटल स्टाइल डिवेलप करते जाते हैं। हमेशा याद रखें, कोई एक सेट नियम नहीं है जो हर बच्चे पर लागू हो।

### सफाई की नई परिभाषा

अगर आप बहुत ज्यादा सफाई पसंद हैं और आपकी हर एक चीज से अपनी निश्चित जगह पर होती है तो इस बात को याद रखें कि बच्चे के आते ही आपकी यह आदत बदलने वाली है। इसकी शुरूआत होती है सूसू-पॉटी से, फिर खिलौनी, किताबें और यह लिस्ट बढ़ती है। बेस्ट बात यह है कि अपने बच्चे से जुड़े काम करने में आपको तकलीफ नहीं खुशी महसूस होती है।

### ब्रेस्टफीडिंग आसन नहीं है

ब्रेस्टफीडिंग उतना आसन नहीं जितना देखने में लगता है। इसमें ढेर सारा सायेंस, आर्ट और टेक्निक जुड़ा है जिसके बारे में आप तभी समझ सकती हैं ज आप खुद बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग करना शुरू करें। बच्चे को किस तरह पकड़ना है, कितना दूध पिलाना है, इन्फेक्शन से किस तरह बचना है, ब्रेस्ट में सूजन, ज्यादा दूध, कम दूध... इस तरह की कई समस्याएं जिसके बारे में आप मां बनने के बाद ही समझ सकती हैं।

### समस्याओं के लिए तैयार रहें

आप पूरे उत्साह, जोश और उमंग के साथ अपनी मातृत्व की पारी की शुरूआत करेंगी और सबकुछ परफेक्ट करना चाहेंगी। लेकिन बच्चे को संभालना, उसकी साफ-सफाई, उसके कपड़े धोना, घर साफ करना, खाना बनाना और इन सबके बाद रात में ढंग से नींद भी न ले पाना। यह सब किसी को भी परेशान कर सकता है। लिहाजा मां बनने के बाद इन छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी तैयार रहें।

### परफॉर्मेंस पता करने का तरीका नहीं

हर छोटा बड़ा काम जो आप करते हैं उससे आपके बच्चे की पर्सनैलिटी पर गहरा असर पड़ता है। लिहाजा सालों तक मां के तौर पर बेहतरीन काम करने के बाद भी आप यह नहीं जान पाती हैं कि अपने बच्चे को पालने में आपकी परफॉर्मेंस कैसी रही। कम से कम 20-30 साल तक तो बिलकुल नहीं।

# हृदय के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है अंगूर

दुनिया में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे अंगूर पसंद न हों। द्राक्ष, रसाला, मधुफला, फलोत्रमा आदि नाम अंगूर के ही हैं। मीठे, रसीले और ठंडक प्रदान करने वाले इस फल का जन्म स्थल रूस के आरमेनिया नामक स्थान को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि कि ईरान तथा अफगानिस्तान से होता हुआ यह फल भारत में भी पहुंचा। यह फल केवल ताजा नहीं बल्कि सुखाकर किशमिश व मुनक्के के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शराब बनाने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है।

बाजार में अंगूर की बहुत सी किस्में उपलब्ध हैं। जैसे रंग के आधार पर अंगूर की दो किस्में हैं काले तथा हरे अंगूर। कुछ अंगूरों का आकार लम्बा होता है तो कुछ का गोल। इसी प्रकार छोटे और बड़े अंगूर भी पाए जाते हैं। कुछ अंगूरों में बीज होते हैं जबकि बेदाना में बीज नहीं होते।

हालांकि इनमें प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज लवण बहुत ही कम मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट शर्करा के रूप में पाया जाता है इसमें ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज किस्म की शर्करा पाई जाती है इसी कारण इनका सेवन काफी स्फूर्तिदायक सिद्ध होता है। दूसरी और किशमिश में शर्करा की मात्रा अंगूर से ज्यादा होती है इससे उसमें मिलने वाली ऊर्जा की मात्रा भी ज्यादा है। ताजा अंगूरों की सौ ग्राम मात्रा से जहां लगभग सत्तर कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है वहीं किशमिश की इतनी ही मात्रा से लगभग तीन सौ आठ कैलोरी ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

अंगूर हमारे स्वास्थ्य का भी रक्षक होता है। अंगूर को सुखाकर तैयार की जाने वाली मेवा किशमिश तथा बड़े बीज वाले अंगूर को सुखाकर तैयार किया जाने वाला मुनक्का दोनों ही बहुत लोकप्रिय हैं। इनके विविध औषधीय प्रयोग किए जाते हैं। आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाओं में अक्सर इनका प्रयोग किया जाता है। कफ, दुर्बलता तथा कब्ज को दूर करने के लिए



इनका प्रयोग फायदेमंद होता है। इसके लिए पंचामृत अवलेह नामक मिश्रण तैयार किया जाता है। इसे बनाने के लिए एक-एक भाग सोंठ, पीपल, काली मिर्च तथा सेंधा नमक मिलाकर पीस लें। फिर उसमें चालीस भाग मुनक्का मिलाकर उसका सेवन करें। आमतौर पर इसकी एक छोटी चम्मच मात्रा का सुबह-शाम प्रयोग पर्याप्त होता है। कब्ज, कफ तथा मंदाग्नि में इससे आशातीत लाभ होता है। यकृत (लीवर) तथा किडनी के रोगों में भी अंगूर तथा किशमिश का प्रयोग लाभकारी होता है। सभी प्रकार के बुखारों तथा क्षय रोग (टीवी) के समय शरीर को अधिक ऊर्जा व बल की जरूरत होती है ऐसे अंगूर का सेवन करना श्रेष्ठ होता है। यों तो अंगूर के रस को संरक्षित कर बोतलों में रखा जा सकता है परन्तु ऐसा करने से आप उससे प्राप्त होने वाले फाइबर (रेशे) से वंचित हो जाएंगे। शर्करा की मात्रा अधिक होने के कारण अंगूरों का खमीरीकरण करके अच्छी किस्म की मदिरा भी तैयार की जाती है। अंगूरों की तासीर ठंडी होती है। सेवन करने पर ये शीतलता प्रदान करते हैं अत: दाह तथा हॉट फ्लशज के उपचार के लिए इनका प्रयोग किया जा सकता है।

इधर परीक्षण यह बताते हैं कि अंगूर जीवनदायी गुणों से भरपूर है। हृदय की सुरक्षा में ताजे अंगूरों का बहुत महत्व है। ताजा अंगूरों में पालिफिनाल नामक तत्व होता है जो हमारे हृदय के लिए फायदेमंद होता है। रेडवाइन की तरह ताजा अंगूर भी रोगियों के हृदय तथा धमनियों को आक्सीडेशन से होने वाले नुकसान से बचाता है। अंगूर तथा वाइन दोनों में एक जैसे पॉलीफिनोल पाए जाते हैं। केटेचिन्स, रेसवेराट्रोल, एंथोसायेनिन तथा क्वेरसिटिन जैसे पॉलीफिनोल, जो अंगूरों में भी पाए जाते हैं, वास्तव में सभी बीमारियों से लड़ने वाले फाइटोन्यूट्रिएंट हैं जो हमारे हृदय के मददगार साबित होते हैं।


अंगूरों में उपस्थित पॉलिफिनोल दो प्रकार से एटी आक्सिडेंट की भूमिका निभाते हैं। पहले ये फ्री-रेडिकल्स को निष्क्रिय कर देते हैं फिर आक्सीजन के एक बाय-प्रोडक्ट मेलोडायएल्डीहाइड के बनने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं। ये सभी स्थितियां हृदय के लिए आदर्श होती हैं।

अंगूर के उत्पाद तो फायदेमंद होते ही हैं, अंगूर भी हृदय का बचाव करने में अव्वल हैं। अंगूरों का सेवन, हार्ट अटैक के बाद आश्चर्यजनक लाभ देता है। परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि अंगूरों के सेवन से न केवल रोगी के खून के दबाव में सुधार आता है बल्कि हृदय के खून पम्प करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। यही नहीं हार्ट अटैक के बाद मृत होने वाले हिस्से अथवा जिस हिस्से को नुकसान पहुंचा हो, का क्षेत्र भी काफी घट जाता है। इसी प्रकार अंगूर का जूस एलडीएल के आक्सीकरण को रोकता है और खून के थक्के बनने की प्रवृत्ति को कम करता है। अब जबकि इस छोटे, रसीले और गुच्छों में लगने वाले फल के इतने अधिक फायदे उजागर हो चुके हैं, इसे सिर्फ एक सजावटी टेबल फ्रूट समझना उचित नहीं क्योंकि अंगूर जीभ के स्वाद के साथ-साथ आपके हृदय का भी ख्याल रखते हैं इसलिए इन्हें आसानी से आपके दिल का मददगार कहा जा सकता है।

# शरीर में हो गई है हीमोग्लोबिन की कमी

आजकल लोग इतने व्यस्त रहने लगे हैं कि वह अपनी जीवनशैली पर ही ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में वह कई बीमारियों का शिकार होने लगते हैं। इन्हीं में से एक है हीमोग्लोबिन की कमी। दरअसल, हीमोग्लोबिन एक तरह का प्रोटीन होता है जिसमें आयरन पाया जाता है। यह शरीर में ऑक्सीजन का संचार करता है।

जल्दी थकान, सांस फूलना, चक्क र आना आदि इसके लक्षण होते हैं। सामान्यत-पुरुषों में हीमोग्लोबिन की मात्रा 13.5-17.5 मिलीग्राम/ डिसीलीटर और महिलाओं में 12.0-15.5 मिलीग्राम/ डिसीलीटर होनी चाहिए। इसके होने के कई कारण हो सकते हैं जैसे आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12, विटामिन सी



की कमी। आमतौर पर इस बीमारी को एनीमिया के नाम से जाना जाता है। अगर शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो जाए तो रोजाना अपनी डाइट में इन चीजों को शामिल करने से आपको फर्क पड़ेगा।

हीमोग्लोबिन की कमी होने पर आपको अपनी डाइट में ऐसी चीजें शामिल करनी चाहिए जो आयरन और विटामिन की कमी को पूरा करते हैं। ऐसे में पालक, मेथी, चुकुंदर, सेम की फली, टमाटर, राजमा, शकरकंद, गोभी, कद्दु, शिमला मिर्च आदि सब्जियों का सेवन करना चाहिए। फलों में आप पपीता, संतरा, अमरूद, स्ट्रॉबेरी, अंगूर, अनार भी हीमोग्लोबिन का स्तर काफी तेजी से बढ़ाते हैं। आयरन की कमी को पूरा करने के लिए मूंगफली खाएं।

## रेसिपी



### मखाने की खीर

**आवश्यक सामग्री**

- 1 लीटर दूध
- 1 कप मखाने
- 1 छोटा चम्मच घी
- 1 छोटा चम्मच चिरौंजी
- 10 काजू
- 10 बादाम
- 1 चम्मच इलायची पाउडर
- द कप चीनी

**विधि**

सबसे पहले काजू और बादाम महीन काटकर अलग रख लें। मखानों को महीन काट लें और फिर मिक्सी में दरदरा पीस लें। अब एक भारी तली के पैन में घी गरम करें और उसमें मखानों को 1 मिनट के लिए भून लें। अब मखानों में दूध डालकर पहले उबाल के बाद आंच को धीमा कर दें। दूध को तब तक पकने दें जब तक कि मखाने पूरी तरह से गल जाएं। 5-7 मिनट के गैप में खीर को चलाते रहें ताकि वो तली में लगने ना पाए। अब कटे हुए मेवे और चीनी को खीर में डालकर अच्छी तरह मिलाएं और 5 मिनट बाद इलायची पाडउर डालकर गैस बंद कर दें। मखाने की खीर तैयार है। इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। चाहे तो इसे गर्म सर्व करें या फिर ठंडा होने के बाद परोसें।



### बादाम अंजीर का हलवा

**आवश्यक सामग्री**

- आधी कटोरी बादाम, टुकड़ों में कटे हुए
- 250 ग्राम अंजीर,
- 2 बड़ा चम्मच घी
- आधा लीटर दूध
- एक कप कंडेंस्ड मिल्क

**विधि**

सबसे पहले अंजीर के टुकड़ों को एक घंटे तक दूध में भिगोकर रखें। इसके बाद इसे मिक्सर जार में डालकर पीस लें। बादाम को भी पीस लें। कुछ टुकड़ों रहने दें। इनका इस्तेमाल हम गार्निशिंग के लिए करेंगे।

**स्वीट डिश को और भी टेस्टी बना देंगे ये टिप्स:** अब एक पैन में घी डालकर गर्म होने के लिए मध्यम आंच पर रखें। फिर इसमें बादाम का पाउडर, कंडेंस्ट मिल्क और अंजीर का पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर सुनहरा होने तक भूनें। जब मिश्रण गाढ़ा होने लगे तो आंच बंद कर दें। तैयार हलवे को बादाम से गार्निश कर गर्मागर्म सर्व करें।

